# सत्र - 2020-21

## आई० क्यू० ए० सी० IQAC प्रथम बैठक

28-12-20

**रिपोर्ट :-**

आज दिनांक - 28/12/20 को IQAC की बैठक आहूत की गई जिसमें (महाविद्यालय की शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की विस्तृत आख्या (दिनांक मई 2020 से दिसम्बर 2020 तक) प्रस्तुत की गई जो निम्नवत् है —

1. दिनाँक 23 मई 2020 से 27 मई 2020 तक महाविद्यालय द्वारा "तकनीकी दक्षता विकास : समय की माँग" (Technical Skill Development; Need of the hour) विषय पर पांच दिवसीय आनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम (Faculty Development Programme) का आयोजन किया गया। प्रोग्राम में संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश डॉ० राजीव पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी डॉ० राजीव गुप्ता डॉ० रेखा रानी तिवारी, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय खरखौदा, डॉ० वीरपाल सिंह, प्रो० भौतिक विज्ञान विभाग, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, डॉ० नितिन गोस्वामी, एस० आर० एम० यूनि० गाजियाबाद प्रो० सत्येन्द्र गुप्ता, गलगोटिया यूनि० डॉ० सुरेन्द्रनाथ रेड्डी एस० आर० टी० एम० विश्वविद्यालय नांदेड़, डॉ० बीना राय आर० जी० (पी० जी०) कॉलिज मेरठ, डॉ० जमाल अहमद सिद्दीकी, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ प्रो० राजीव चौधरी, प० रविशंकर विश्व० रायपुर प्रो० सुनीता चन्द्रा, ज्वाइंट रजिस्ट्रार बनारस हिन्दू

विश्वविद्यालय इत्यादि विशेषज्ञों ने ऑनलाइन लर्निंग: चेंज इन प्रोग्रेस एंड स्किल, मूक, स्वयं, अर्पित, स्वयं प्रभा, वर्चुअल टीम बिल्डिंग, आउट कम बेस्ड एजुकेशन गूगल एप फोर डिजिटल लर्निंग, प्लेगेरिज्म, कैरियर एडवांस स्कीम महत्वपूर्ण विषयो पर विचार रखे प्रोग्राम मे देश के विभिन्न राज्यो दिल्ली, उ०प्र०, हरियाणा उत्तराखण्ड कर्नाटक, राजस्थान पंजाब महाराष्ट्र, उड़ीसा मध्य प्रदेश, बिहार छत्तीसगढ़, इत्यादि राज्यो से 1007 प्राध्यापको ने प्रतिभागिता की ।

2. दिनांक 01/06/2020 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'Mental Health Among Students during Covid-19 विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमे डा० मीनू भटनागर ने छात्राओ को मानसिक स्वास्थ्य के बारे मे बताया।

3. दिनांक 14.06.20 को रक्तदान दिवस के अवसर पर एन० एस० एस० एन० सी० सी० एवं रेंजर्स टीम के तत्वावधान मे जागरुकता अभियान चलाया गया।

4. 21.06.2020 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान मे डा० जितेन्द्र कुमार ने छात्राओ को योगाभ्यास कराया (ऑनलाइन) एवं डा० पूनम भण्डारी ने योग के महत्व पर व्याख्यान दिया। एन० एस० एस० टीम ने "फिर मुस्कुराएगा इण्डिया" "योगा एट होम, योगा विद फैमिली के तहत अपने-अपने परिवारो के साथ योग किया

रेजीमेंट हेतु योग प्रशिक्षक सुमनलता ने स्वास्थ्य के लिये योग" विषय पर विचार रखे।

5. 06 जून 2020 को आनलाइन पुरातन छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

6. शासन द्वारा प्रेषित पत्र (1020/सत्तर-3-2020-6(21) 2018 के अनुपालन में महाविद्यालय द्वारा शहर के विभिन्न स्थलो में कुल (510) पौधो का रोपण (with Geo tagging) किया गया। 3 जुलाई से 08 जुलाई 2020

7. दिनांक 04/07/2020 को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तत्वावधान मे राष्ट्रीय वेबिनार विषय EPIC and mythology विषय पर आयोजित किया गया जिसमे मुख्य वक्ता प्रो० यू० पी० अरोरा, जे० एन० यू०, डा० अमित कुमार जे०एन० यू०, प्रो० अनन्त कुमार मद्रास ने विषय सम्बन्धी जानकारी प्रदान की

8. विश्वविद्यालय के आदेशानुसार यू०जी०सी० एवं बी० एड० की वाह्य परीक्षाए आयोजित की गई।

9. दिनांक 27 अगस्त 2020 को शासनादेशानुसार एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार नई शिक्षा नीति 2020 समग्र और बहु विषयक शिक्षा की ओर बढते कदम विषय पर आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप मे प्रसिद्ध समाजशास्त्री प्रो० विरोब

गुप्ता एवं अनन्त कुमार, मद्रास ने उक्त विषय पर विचार प्रस्तुत किये।

10. दिनांक 09.10.2020 को पर्यावरण पर कोविड-19 के प्रभाव विषय पर शोध प्रसार व्याख्यान माला द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता प्रसिद्ध पर्यावरणविद डा० विजय पाल बघेल (ग्रीन मैन) रहे।

11. दिनांक 10-10-2020 को मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें डा० अनीता ~~[illegible]~~ मोराल, मेरठ कालेज मेरठ रही।

12. दिनांक 21.11.2020 को प्रसार व्याख्यान माला के तत्वाधान मे Foods for sustainable Health and Prevention from Covid-19 विषय पर डा० सबा कौसर, राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर द्वारा छात्राओ को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

13. दिनांक 28.11.2020 को श्रीमति सरोज बाला एसो० प्रो० दिल्ली टैक्निकल विश्वविद्यालय द्वारा Professional skill for Students विषय पर अपने विचारो से छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

14. दिनांक 20.9.20 को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा Contemporary Global scenario in physical Education, yoga ~~and~~ and sports विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय

वेबिनार का आयोजन किया गया।

15. दिनांक 20-10-2020 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा "Child Begging 'A multidisciplinary Perspective" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ प्रो० राजेश मिश्रा, लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषय सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

16. दिनांक 08 सितम्बर 2020 से 14 सितम्बर 2020 तक हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत पोस्टर, कहानी लेखन, प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

17. सितम्बर माह में विश्वविद्यालय के आदेशानुसार स्नातक, स्नातकोत्तर एवं बी०एड० की परीक्षाएं कराई गई।

18. अक्टूबर माह से विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न कक्षाओं में दाखिले किये गये।

19. महाविद्यालय द्वारा AQAR 2018-19, नैक को आन लाइन प्रेषित कर दी गई है।

20. महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति संवेदनशील व कृत संकल्प उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशनशक्ति' के अन्तर्गत -

दिनांक 17.10.20 से 25.10.20 तक विभिन्न कार्यक्रमो वेबिनार, व्याख्यान पोस्टर भाषण एवं स्लोगन इत्यादि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। दिनांक 18.10.20 को एक दिवसीय वेबिनार में मेरठ मंडलायुक्त अनीता सी. मेश्राम, शालू अग्रवाल उपसंपादक अमर उजाला मेरठ, वरिष्ठ अधिवक्ता निशा तायल वरिष्ठ समाजसेवी अतुल शर्मा ने महिलाओ से जुड़े विभिन्न मुद्दो पर अपने विचार साझा किए। व्याख्या श्रृंखला मे महिला स्वास्थ्य एवं पोषण महिला उद्यमिता, सोच से सोच तक महिला शोषण और सुरक्षा के मनोवैज्ञानिक पक्ष 'साइबर सुरक्षा और महिलाए इत्यादि विषयो पर विषय विशेषज्ञो ने छात्राओ का मार्गदर्शन किया।

मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत द्वि दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयुध का आयोजन भी किया गया।

21. शासन के दिशा निर्देशो के अनुरूप महाविद्यालय मे ई-लाइब्रेरी पोर्टल पर शिक्षको द्वारा कुल 378 ई-कन्टेंट अपलोड किये जा चुके है।

22. विभिन्न अवसरो जैसे संविधान दिवस, गाँधी जयन्ती, शिक्षा दिवस, एड्स दिवस, अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस, स्वतन्त्रता दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, सड़क सुरक्षा सप्ताह, स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह, इत्यादि पर एन० एस० एस०, एन० सी० सी० एवं रेंजर्स टीम के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो एवं गतिविधियो का आयोजन किया गया।

(23) दिनांक 17 अक्टूबर, 26 अक्टूबर, 7 नवम्बर को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत Ancient Economic thought Political Economy During the Delhi ~~Stud~~ Sultanate & Mugal Empire contonial Economic Ideology Myth & Reality, Economic Philosophy of M Gandhi विषयो पर क्रमशः प्रो० नीरज शर्मा, मोहनलाल सुखाड़िया वि०वि० उदयपुर प्रो० ज्ञानेश्वर खुराना कुरुक्षेत्र वि०वि० हरियाणा प्रो० अलका सिंह BHU प्रो० गिरिश्वर मिश्रा द्वारा चर्चा की गई।

## छात्राओं की उपलब्धियाँ :-

1. अर्थशास्त्र विभाग मे डॉ० भारती दीक्षित के निर्देशन मे शोध कर रहे नितिन गोस्वामी का शोध जमा

2. दिनांक 30.10.2020 को रेक्जर्स अलीजा खान (B.A III) को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित video competition विषय My Dreams My Plans to realise it मे तृतीय स्थान प्राप्त किया।

3. समाज शास्त्र विभाग में डा० गीता चौधरी के निर्देशन मे शोध कर रही छात्रा शीतल का उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा असि० प्रोफेसर के पद पर चयन हो गया है।

4. गणित विभाग मे डॉ० अमित कुमार के शोधार्थी

एवं डॉ० स्वर्णलता कदम हिन्दी विभाग की शोधार्थी कु० कंचन पटेल का चयन पी०जी०टी० मे हो गया है।

5. महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि रेंजर्स टीम (क्रान्ति) को कोरोना महामारी के दौरान किये गये कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर से प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया गया है। भारत स्काउट एंड गाइड, नेशनल हेडक्वार्टर दिल्ली।

6. रसायन विभाग की छात्राए रश्मि सांगवान, प्रिया तोमर एवं छवी का उत्तर प्रदेश परिषदीय प्राथमिक स्कूल मे सहायक अध्यापक (2020 की भर्ती) पद पर चयन हो गया है।

7. बी०एड० विभाग की 05 छात्राओं का आकांक्षा शर्मा, करिश्मा, प्रविता गोस्वामी, मीना पाल, एवं साक्षी चौधरी का सहायक अध्यापक पद पर चयन हुआ है। दीपिका चौधरी का SBI बैंक मे क्लर्क डोली अहलावत का यू०पी० पुलिस, नीशू शर्मा यू०पी० पुलिस एवं गुंजन महेश्वरी का विद्युत विभाग चंडीगढ़ मे क्लर्क पद पर चयन हुआ है।

8. ड्राइंग एण्ड पेंटिंग विभाग में डॉ० उमाशंकर प्रसाद की शोधार्थी ज्योति का जी०जी०आई०सी० मे सहायक अध्यापक के पद पर चयन हुआ है।

9. राजनीति विभाग में डा० आर०सी० सिंह के शोधार्थी मुनेश कुमार का लोक सेवा आयोग मध्यप्रदेश

एवं लोक सेवा आयोग उ० प्र० के द्वारा असि० प्रो०
के पद पर चयन हुआ है।

10. 'इतिहास' विभाग में डॉ० अनीता गोस्वामी के शोधार्थी का इण्टर कालिज, शाहजहांपुर मे प्रवक्ता पद पर चयन हुआ है।

11. मीनाक्षी (शोधार्थी) रा० विज्ञान 'प्रियागुप्ता (शोधार्थी वाणिज्य विभाग कु० चेतना समाजशास्त्र ने NET परीक्षा उत्तीर्ण की।

## शिक्षको की उपलब्धियॉं :-

1. महाविद्यालय के शिक्षको द्वारा शासन के दिशा निर्देशो के अनुरुप आनलाइन एवं आफलाइन कक्षाओ एवं अन्य गतिविधियो का संचालन किया गया।
2. शिक्षको द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार कार्यशाला एवं व्याख्यानो का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न वेबिनारो कार्यशालाओ एवं रिफ्रेशर कोर्स मे सहभागिता की।

3. महाविद्यालय की एसो० प्रो० डॉ० लताकुमार को सर्व हित कल्याण सेवा समिति द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र, मिशिका एजुकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गुरु श्रेष्ठ अवार्ड एवं साई जीवनधारा सेवा समिति द्वारा डॉ० सरोजनी नायडू राष्ट्रीय महिला सम्मान से सम्मानित किया गया।

4. एसो० प्रोफेसर डा० अनुजा गर्ग को यू०पी०बोर्ड एकाउट एंड गाइड द्वारा उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया।

5. इसके अतिरिक्त शिक्षकों द्वारा पुस्तकों में अध्याय लेखन एवं विभिन्न जर्नल्स में शोध पत्र एवं पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित कराया गया।

6. इसके अतिरिक्त गत IQAC की बैठक में प्राप्त सुझाव के क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय की एन० एस० एस०, एन०सी०सी०, रेंजर्स एवं बी०एड० की छात्राओं ने कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु मास्क बनाकर समुदाय में वितरित किए एवं अन्य सहायताएं दी।

## वाह्य सदस्य

1. डा० राजीव गुप्ता, RHEO, Meerut
2. डा० वीरपाल सिंह, मुख्य शास्ता, सी०सी० एस० यूनी० मेरठ
3. श्री कुलदीप शर्मा चेयरमैन रायल रबड़ इण्डिया लि०
4. श्री प्रतीश कुमार पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब, मेरठ

## आन्तरिक सदस्य

1. डा० उमाशंकर प्रसाद
2. डा० एस० पी० एस० राना
3. डा० गीता चौधरी
4. डा० उषा साहनी
5. डा० राकेश कुमार

6. डा0 पारुल मलिक

7. डा0 दीपा गुप्ता

8. डा0 विकास कुमार

9. डा0 गौरी

10 श्री बलखण्डी प्रसाद

## अभिभावक

1. श्रीमती रीता सैनी — रीता
2. पुष्पा कुशवाहा — पुष्पा कुमारी
3. पुष्पा शर्मा — पुष्पा

## पुरातन छात्राएं

1. रीतू रानी — रीतू
2. कु० दीपा — दीपा

## वर्तमान छात्राएं

1. रिम्पी जैन
2. गरिमा कुशवाहा — Garima
3. वैशाली सैनी — Vashali

# बैठक की कार्यवाही :-

1. बैठक में उपस्थित वाह्य सदस्य डॉ० वीरपाल सिंह विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान एवं मुख्य शास्त्रा चौधरी चरण सिंह वि० वि० मेरठ ने कहा महाविद्यालय अपने सिमित संसाधनों के साथ निरंतर प्रगति पथ पर है इस हेतु प्राचार्य एवं उनकी टीम बधाई की पात्र है डा० सिंह ने महाविद्यालय की छात्राओ को अपने विभाग में आमंत्रित किया ताकी छात्राए वि० वि० की सुविधाओ का उपभोग कर अपने कैरीयर को अधिक उंचाई तक ले जा सकें।

2. कार्यक्रम से जुड़े उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ डा० राजीव गुप्ता ने छात्राओ के विकास हेतु महाविद्यालय को वैज्ञानिक एवं तार्किक सोच को विकसित करने हेतु प्रयास करने चाहिए एवं छात्राओ को पठन पाठन के साथ साथ कोविड -19 के प्रति जागरुक किया जाये।

3. श्री प्रतीक्ष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब मेरठ ने महाविद्यालय के विकास हेतु हर तरह के सहयोग देने का आश्वाशन दिया। और श्री सिंह ने कहा महा० मे अध्यनरत छात्राओ तकनीकि शिक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए।

4. अभिभावको ने महाविद्यालय की ऑन लाइन शिक्षण की सराहना की एवं भविष्य में शिक्षण कार्यों के साथ-साथ दुसरी गतिविधियों पर भी ध्यान दिया जाना चाहीए।

5. श्री कुलदीप शर्मा चेयर मैन रायल रबड़ इंडिया ने महाविद्यालय की छात्राओं को अपने यहाँ शैक्षणीक भ्रमण के लिये आंमंत्रीत किया।

6. पुरातन छात्राओं ने महाविद्यालय की दिन प्रतिदिन प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त किया एवं प्राध्यापको द्वारा मिल रहे समय-समय पर मार्गदर्शन का आभार व्यक्त किया।

7. महाविद्यालय के प्राचार्य डा० दिनेश चन्द्र ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी अतिथियों का उनके सहयोग हेतु साधुवाद दिया। और आश्वासन दिया कि हम सभी सुझाओं पर अमल हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। महाविद्याल छात्राओं की शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील है एवं कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु सभी का परिसर में टेस्ट (HTGH 4RTPCR) कराया जा रहा है।

## IQAC बैठक द्वितीय बैठक

माध्यम : online Platform दिनांक: 06/04/2021

समय : 11:30 AM

बैठक में पढ़ी गई रिपोर्ट की विस्तृत रूपरेखा:

1. 16 मार्च, 2021 को डॉ लता कुमार द्वारा वार्षिक समारोह का सफल संचालन किया गया। जिसमें माननीय डॉ. सोमेन्द्र तोमर, विधायक, मेरठ दक्षिण, मेरठ मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर महा० पत्रिका "जागृति" का भी उनके व अन्य विशिष्ट अतिथियों के कर-कमलों द्वारा विमोचन किया गया।

2. महा० द्वारा राजकीय व राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रमुख दिवसों व जयंतियों को स-सम्मान पूर्ण मनोयोग व उत्साह से मनाया गया। प्रमुख दिवसों के तहत श्रमिक, विश्व-योग, गौरया, गणित, मतदाता, पराक्रम, गणतन्त्र, शहीद, तथा विश्व हिन्दी दिवस इत्यादि को समयानुसार ऑनलाइन व ऑफलाइन मनाया गया।
डॉ भीमराव अम्बेडकर, चौधरी चरण सिंह, सुभाषचन्द्र बोस व सुहेलदेव जयंतियों को भी मनाकर छात्राओं को इन सभी महान हस्तियों के व्यक्तित्व से परिचित करवाया गया ताकि भविष्य में वे भी इनके पदचिह्नों पर चलते हुए अपने राष्ट्र का

गौरव बढ़ा सकें।

3. शोध व प्रसार व्याख्यान माला के अंतर्गत "छात्राओं के लिए पोषण एवं मासिक धर्म स्वच्छता" पर डॉ मोनिका कश्यप, LLMR मेडिकल कॉलेज, मेरठ व "महिलाओं के लिए कानूनी प्रावधानों की भूमिका" पर श्रीमति उषा सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी, अमरोहा द्वारा व्याख्यान दिए गए।

4. छात्राओं का ज्ञानवर्धन करने हेतु समाजशास्त्र विभाग ने "सामाजिक शोध की समस्याएं, समाजशास्त्र की विषयवस्तु और सामाजिक अनुसंधान" जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बाह्य व आंतरिक वक्ताओं द्वारा समय-समय पर व्याख्यान करवाए।

5. ऑनलाइन प्लेटफार्म का सदुपयोग करते हुए महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिलाओं से संबंधित विषयों पर कई व्याख्यानों का आयोजन किया गया जिससे छात्राओं की जिज्ञासाओं को शान्त किया जा सका। NCC के तत्वावधान में भी कई अति महत्वपूर्ण विषयों पर जैसे कि मिशन-शक्ति, सड़क-सुरक्षा और यातायात जागरूकता व बालिकाओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा संबंधी विषयों पर बाह्य व आंतरिक वक्ताओं द्वारा

व्याख्यानों का आयोजन करवाया गया।

6. NSS द्वारा 21 जनवरी, 2021 को पहला, 25 जनवरी 2021 को दूसरा, 30 जनवरी, 2021 को तीसरा तथा 5 फरवरी 2021 को चौथा एक-दिवसीय शिविर लगाया गया।
साथ ही छात्राओं ने 17 जनवरी से 22 फरवरी 2021 तक सात-दिवसीय शिविर में भी पूर्ण उत्साह के साथ प्रतिभाग कर भीषण पैंडेमिक के दौर में भी स्वयं का मनोबल ऊंचा रखते हुए अपने शिक्षकों के कुशल नेतृत्व में समाज-सेवी कार्यों को अन्जाम देते हुए लोगों के मनोबल को भी बढ़ाया।

7. बी.एड विभाग द्वारा छात्राओं से सामुदायिक कार्यों के तहत वृक्षारोपण करवाया गया। बेसिक गाइड प्रशिक्षण शिविर भी लगाया गया साथ ही सूक्ष्म शिक्षण व ICT के तहत दो-दिवसीय अनिवार्य सत्रीय कार्य किया गया। 27 जनवरी से 30 जनवरी, 2021 तक B.Ed left out Practical Exams को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने में पूर्ण विभाग का योगदान रहा।

8. महा० के प्राध्यापकों द्वारा समय-समय

पर सैल्फ- अपग्रेडेशन प्रोग्राम व प्रकाशन इत्यादि के तहत नौ प्राध्यापकों द्वारा कार्यशालाओं, दो प्राध्यापकों द्वारा रिफ्रेशर कोर्स, आठ राष्ट्रीय संगोष्ठियों में प्रतिभागिता प्राध्यापकों ने श्र कीवसाथ ही शोध-पत्र भी प्रस्तुत किए।
एक प्राध्यापक का बुक चेप्टर, एक का लेख व तीन से चार प्राध्यापकों के शोध पत्रिकाओं में शोध-पत्र भी प्रकाशित हुए। कॉमर्स विभाग के तत्वावधान में एक पी-एच.डी भी प्रस्तुत की गयी।

9. महा० की समितियों, विभागीय परिषदों व प्रशासन द्वारा निर्देशित महत्वपूर्ण व अनिवार्य समितियों द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का निरंतर आयोजन किया जाता रहा। जल-संरक्षण व श्रमिक दिवस पर स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता, रसायन विज्ञान व कॉमर्स विभाग द्वारा क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता तथा - प्री-सिम्पोजियम का आयोजन भी करवाया गया। गणित व भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा सामान्य-ज्ञान व निबंध प्रतियोगिता, राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा सामान्य-ज्ञान, प्रश्नोत्तरी व भाषण- प्रतियोगिता तथा रेंजरिंग के तत्वावधान में पोस्टर व तम्बू-निर्माण व मिशन- शक्ति के तहत

निबंध-लेखन व मास्क मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। युवा-सप्ताह के अंतर्गत क्राफ्ट-प्रतियोगिता, विश्व-हिन्दी दिवस पर काव्य-पाठ, भाषण व प्रश्नोत्तरी, हिन्दी विभाग द्वारा स्लोगन, भाषण, निबंध-लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।
थीम-बेस्ड लिट्रेरी फेस्टिवल के अंतर्गत काव्य-पाठ प्रतियोगिता; मिशन-शक्ति के तत्वावधान में भूमिका निर्वहन प्रतियोगिता साथ ही अमर उजाला, मेरठ द्वारा नारी-सशक्तिकरण विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया।
ग्यारहवें मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ एवं स्लोगन प्रतियोगिता, युवा-महोत्सव के अंतर्गत नृत्य-प्रतियोगिता; NSS के तहत पोस्टर (मिशन शक्ति), पोस्टर (सड़क सुरक्षा), स्लोगन (नारी स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण), मेंहदी (कलात्मकता), रंगोली (समसामयिक) व On the spot Poster Making Competition का भी आयोजन करवाया गया।
इन सभी आयोजनों ने छात्राओं का चहुंमुखी विकास भी किया व साथ ही ऐसे दुरूह पेंडेमिक दौर में उनके

मनोबल को सदैव बढ़ाने का कार्य किया।

## बाह्य सदस्य :

1. डॉ॰ राजीव गुप्ता, RHEO, Meerut
2. डॉ॰ वीरपाल सिंह, मुख्य शास्ता, NEP समिति सदस्य, सी॰ सी॰ एस॰ यूनिवर्सिटी, मेरठ।
3. श्री कुलदीप शर्मा, चेयरमैन, रायल रबड़ इण्डिया, मेरठ।
4. श्री प्रितीश कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष, रोटरी क्लब मेरठ स्टार्स, मेरठ।

## आन्तरिक सदस्य :

1. डॉ॰ उमाशंकर प्रसाद
2. डॉ॰ एस पी एस राणा
3. डॉ॰ गीता चौधरी
4. डॉ॰ उषा साहनी
5. डॉ॰ राकेश कुमार
6. डॉ॰ पारुल मलिक
7. डॉ॰ दीपा गुप्ता
8. डॉ॰ विकास कुमार
9. डॉ॰ गौरी
10. श्री बलखण्डी प्रसाद

## अभिभावक :

1. सुधा रानी (श्रीमती) सुधारानी
2. प्रमोद कुमार (श्री) प्रमोद कुमार

## पुरातन छात्राएँ :

1. सुजाता एम. ए (अंग्रेज़ी) Sujata
2. नेहा एम. ए. (अंग्रेज़ी) Neha
3. मानसी यादव एम. ए. (हिन्दी)

## वर्तमान छात्राएँ :

1. मोहिनी मित्तल Mohini Mittal
2. नेहा सिंह N.Singh
3. रीता रानी Reeta

# बैठक की कार्यवाही II meeting

1. डॉ० वीरपाल सिंह, विभागाध्यक्ष- भौतिक विज्ञान, मुख्य शास्ता, सदस्य- NEP समिति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने IQAC के सम्मानित बाह्य सदस्य के रूप में महा० की शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी डॉ० गीता चौधरी द्वारा की गई रिपोर्ट वाचन से प्राप्त कर प्राचार्य व सभी प्राध्यापकों को सर्वप्रथम बधाई प्रेषित की। तदोपरान्त, छात्राओं के हित में विश्वविद्यालय के संसाधनों का उपयोग कर पाने के लिए प्रस्ताव रखने व उनकी स्वीकृति का आश्वासन दिया।
डॉ० वीरपाल सिंह ने पूर्व की बैठक में भी कई ऐसे बिन्दुओं पर प्रकाश डाला था जिन्होंने महा० की समस्त गतिविधियों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे उन्हें रिजल्ट- ओरियेन्टेड बनाने का मार्ग-दर्शन किया। वर्तमान बैठक में उनके द्वारा अति महत्वपूर्ण विषय 'NEP' पर बात कर विस्तार से इसके महत्व को समझाया व साथ ही समयानुकूल वेबिनार व सेमिनार के माध्यम से छात्राओं को भी National Education Policy को समझाने की बात कही।

2. क्षेत्रीय अधिकारी, उच्च शिक्षा, मेरठ, डॉ० राजीव गुप्ता ने Innovative Ideas व Skill

Development पर विशेष ज़ोर देते हुए छात्राओं को शिक्षा पूर्ण करने के साथ ही रोज़गार प्राप्त कर पाने की दिशा में मजबूत कदम उठाए जाने पर अपने विचार साझा किए।
डॉ॰ राजीव गुप्ता ने छात्राओं के चहुँमुखी विकास पर बल दिया क्योंकि उनका मानना है कि यह युवा पीढ़ी ही हमारे देश का भविष्य है और इनका सम्पूर्ण विकास सही मायनों में राष्ट्र का विकास है जो कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।
उन्होंने सदैव ही वृक्षारोपण के प्रत्येक कार्यक्रम को पूर्ण निष्ठा से स्वयं भी अमलीजामा पहनाया व महा॰ की विभिन्न समितियों व छात्राओं को भी प्रोत्साहित करते रहे और बड़ी तादाद में वृक्षारोपण कर वातावरण को शुद्ध व हरा-भरा रखने में अपना योगदान दिया।
डॉ॰ एस॰ पी॰ एस राणा ने डॉ॰ राजीव गुप्ता के साथ मिलकर इस सामाजिक सरोकार के कार्य में वृक्षारोपण के सभी निर्देशित टारगेट्स को पूर्ण किया।

3. श्री कुलदीप शर्मा, चेयरमैन, रायल रबड़ इंडिया, मेरठ जो कि शहर के जाने-माने उद्योगपति हैं, उन्होंने सर्वप्रथम छात्राओं के हित में आवश्यकतानुसार आर्थिक मदद का प्रस्ताव रख छात्राओं को व

महा० को आश्वस्त किया कि वे इस हेतु अपना योगदान देने में इच्छुक हैं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने की भी चर्चा की व साथ ही अपने कार्य (व्यवसाय) स्थल पर छात्राओं के भ्रमण की व्यवस्था करने का भी प्रस्ताव रखा।

4. डा० प्रीतिश कुमार सिंह, रोटरी क्लब मेरठ स्टार्स, मेरठ के पूर्व अध्यक्ष जिन्होंने पूर्व में रोटरी क्लब व सिंगर सिलाई मशीन के सौजन्य से महा० में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करवाई व बाद में Sanitary Pads Machine का भी Installation करवाने में सहयोग किया, ने आश्वस्त किया कि छात्राओं के हित व विकास व मेरठ शहर के उच्च कोटि के राजकीय महा० के तौर वे अपने व्यक्तिगत व व्यावसायिक आधारों से पूर्ण-रूपेण IQAC के साथ हैं। उन्होंने प्राचार्य व समस्त प्राध्यापकों को महा० की छात्राओं के पठन-पाठन व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के सफल व सुचारु क्रियान्वयन के लिए बधाई प्रेषित की।

5. बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने ऐसे

जटिल समय में जबकि पूरी दुनिया पर गहरा संकट छाया हुआ है ऐसी स्थिति में भी महा० के प्राचार्य के निर्देशन में समस्त प्राध्यापकों व छात्राओं ने जिस प्रकार online व offline (प्रशासन के निर्देशानुसार) पाठ्यक्रम व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में गति बनाए रखी वह बधाई की प्राप्त पात्र है।
साथ ही उनके द्वारा महा० में एक Sanitizer लगवाने की माँग रखी गई जिसको तत्काल ही महा० के प्राचार्य के द्वारा करवा दिए जाने हेतु आश्वासन दे दिया गया।

6. महा० की पुरातन छात्राओं ने महा० की प्रगति और कुशल कार्यशैली की प्रशंसा की व हृदय के भावों को उजागर कर महा० की छात्राएं होने पर गर्व की अनुभूति के एहसास को साझा किया।
पुरातन छात्राओं ने इस पुरातन छात्रा समिति को रजिस्टर्ड कर देने की बात भी सबके सामने रखी जिसका सकारात्मक रूप से अभिवादन किया गया।

7. बैठक की अंतिम कड़ी पर पहुंचने पर महा० के प्राचार्य डॉ० दिनेश चन्द

के द्वारा महा० की गतिविधियों का एक अति सूक्ष्म चित्र खींचते हुए समस्त बाह्य सदस्यों, आंतरिक सदस्यों, अभिभावकों, पुरातन व वर्तमान छात्राओं का धन्यवाद किया गया कि सभी ऐसे कष्टकारी समय में भी समय निकालकर सकारात्मक भाव से जुड़े और पूर्ण प्रतिभागिता कर बैठक को सफल बनाया।

तदोपरान्त, उन्होंने सभी को आश्वस्त भी किया कि महा० बिना किसी अवरोध के एकजुट रहकर महा० के मिशन व विज़न "छात्राओं का सम्पूर्ण विकास व राष्ट्र को सशक्त, प्रतिभावान व प्रभावशाली छात्राओं को तैयार करने" के भाव को लेकर सदैव अपने कर्त्तव्य-पथ पर अग्रसर रहेगा।

प्रभारी

प्राचार्य